

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
वर्ष 8, अंक-10 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

**सुविचार**

*जीवन ना तो भविष्य में है, और ना ही भूतकाल में है, जीवन तो सिर्फ वर्तमान में ही है।*
















## क्या परिवार का मुखिया संयुक्त संपत्ति को बेच सकता है जानिए महत्वपूर्ण जजमेंट।

पूर्वजो की संपत्ति पर संयुक्त परिवार के सभी सदस्यों का हक होता है एवं हिंदू संयुक्त परिवार का मुखिया ऐसी संपत्ति को संभालकर रखता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या कोई संयुक्त परिवार का मुखिया अगर ऐसी संपत्ति का विक्रय कर सकता है जिस संपत्ति पर सभी परिवार



का हक हो जानिए सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण जजमेंट।

बी.रेड्डी दसरथामी रेड्डी बनाम वी. मंजूनाथ एवं एक अन्य(निर्णय वर्ष 2021)- उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि संयुक्त हिन्दू परिवार का कर्ता या उसकी अनुपस्थिति में परिवार का वरिष्ठ सदस्य परिवार की केवल विधिक आवश्यकता एवं संपत्ति के लाभ की स्थिति में संयुक्त परिवार की किसी संपत्ति को बेच सकता है। पुत्र या संयुक्त परिवार का कोई भी सदस्य उनको रोक नहीं सकता न ही आपत्ति लगा सकता है।

### विधिक आवश्कता क्या है जानिए-

1. सरकारी राजस्व और ऋण का भुकतान जो पारिवारिक संपत्ति से देय है।
2. संयुक्त परिवार के सदस्यों के भरण पोषण के लिए।
3. परिवार की पुत्र या पुत्री के विवाह के लिए।
4. पारिवारिक उत्सव या आवश्यक शवदाह के लिए।
5. संपत्ति की रक्षा या पुनः प्राप्ति में आवश्यक मुकदमेबाजी के लिए।
6. गंभीर अपराध के आरोप में बंद परिवार के मुखिया या अन्य सदस्यों के बचाव के लिए।
7. पारिवारिक व्यापार या अन्य प्रयोजन के लिए लिए गए ऋण को चुकाने के लिए।

उपर्युक्त विधिक आवश्यकता के लिए सयुंक्त परिवार का कर्ता या मुखिया संयुक्त संपत्ति का विक्रय कर सकता है।

**-कानुनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाइल 7999293638**

## डॉ. आम्बेडकर का भारत के नागरिकों को सबसे बड़ा उपहार ARTICLE 32

यह अनुच्छेद भारतीय संविधान में संविधानिक उपचारों का अधिकार कहलाता है, डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने अनुच्छेद 32, को भारतीय संविधान की आत्मा या हृदय इसलिए कहा कि यह अनुच्छेद सभी नागरिकों को यह छूट देता है कि वह अपने मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय के पास जा सकते हैं, एवं अपने अधिकारों को लागू करने की मांग कर सकते हैं।

**सर्वोच्च न्यायालय इन अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक प्रकार की रिट जारी कर सकता हैं जैसे-** बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-प्रच्छा, उत्प्रेरक आदि जारी कर सकता है। इसके अतिरिक्त



सर्वोच्च न्यायालय ने जनहित याचिका के मामले को भी अनुच्छेद 32 के तहत सुनना प्रारंभ किया है,जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या समूह किसी पीड़ित व्यक्ति की और से न्यायालय में मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जा सकता है।

सामान्य भाषा में कहे तो भारतीय संविधान में अनुच्छेद 14 से 35 तक सभी मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है या संरक्षण हैं अनुच्छेद 32। इसी कारण अनुच्छेद 32 को बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने इसे भारतीय संविधान की आत्मा या हृदय कहा है।

**बी.आर. अहिरवार होशंगाबाद (एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार) 9827737665**

## हिंदू है तो अछूत क्यों ??



हिंदू धर्म लिखाने वाले
कैसे हो गये शूद्र अछुत?
कैसे तय करते हैं कि
कौन पूत और कौन कपूत?

नख से शीश तक सब
इंसा एक समान है,
जीवन जीने के खातिर
सबके एक अरमान है ,
ऊंची जाति के लोगों अपने
ऊंचेपन का दो सबूत?
हिंदू धर्म लिखाने वाले
कैसे हो गये शूद्र अछूत?

हिंदू बनकर भी अगर
अपमान हो रहे हैं,
मुट्ठी भर लोगों का कैसे
सम्मान हो रहे हैं,
हिंदू -हिंदू से फिर क्यो
घृणा कर रहे हैं,
शूद्रो की परछाई से नफ़रत
गर्वित हो पीते गाय का मूत्र
हिंदू धर्म लिखाने वाले
कैसे हो गये शूद्र अछूत ?

ऐसे ही माहौल रहा तो
शूद्र हिंदू धर्म छोड़ेंगे,
जिस कौम में हो अपमान
उससे नाता तोड़ेंगे,
आओ पीड़ितों हम सब
करें स्वयं को मजबूत
ऊंचे बनने वालों का स्वतः
मिट जायेंगे वजूद ,,,,

ना हिंदू धर्म लिखायेंगे
ना शूद्र अछूत कहलायेंगे ।
जो समता समानता समझें
हम उस पथ पर बढ़ जायेंगें ।।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

## अंबेडकर जयंती का वर्षगाठः एस.एफ .आई. ने शुरू की सप्ताह भर का अभियान



छात्र संगठन स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एस.एफ.आई.) डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती को इस वर्ष सप्ताह भर मनाने का निर्णय लिया है। आज 13 अप्रैल को नीलम पार्क में एक सभा के साथ यह अभियान शुरू किया गया जो 19 अप्रैल तक चलेगी।नीलम पार्क में सभा की अध्यक्षता भगवान सिंह ने की। सभा को मुख्य रूप से एस.एफ .आई. के राज्य सचिव अजय एवं जिला सचिव दीपक पासवान, सोनू अहिरवार, जितेंद्र, प्रवीण कुमार,गोलू अहिरवार आदि साथियों ने सम्बोधित किया। इसके बाद सभी छात्रों ने मिलकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा में पर जाकर माल्यार्पण किया एवं बाबासाहेब के विचारों और आज की वर्तमान परिस्थिति में बाबा साहब के सपनों को तोडने़ वाली नीतियों के खिलाफ संघर्ष मजबूत करने के लिए सभी साथियों ने संकल्प लिया।

## 94 लीटर अवैध शराब सहित दो युवक गिरफ्तार

**डिंडौरी।** जिले में अवैध शराब की खरीद-फरोख्त पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र की पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह बाईपास राय सिटी चौराहा के पास अलग अलग दो पहिया वाहन सवार दो युवकों के पास से कुल 10 पेटी शराब जप्त की गई है। जब्त शराब की कुल माप 94 लीटर और कीमत 39500 रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपित के खिलाफ धारा 109 और 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस अधीक्षक संजीव सिंह की स्पेशल टीम द्वारा राय सिटी के पास के घेराबंदी कर दबिश दी गई। इस दौरान दो अलग-अलग स्कूटी वाहन में सवार दो युवकों को रोका गया। जांच करने पर उनके पास शराब के पेटियां रखी पाई गई। पूछताछ करने पर दोनो युवक शराब से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। स्कूटी सहित शराब जप्त कर थाना लाया गया। बताया गया कि उमाकांत द्विवेदी पिता श्यामलाल द्विवेदी उम्र 40 वर्ष निवासी रीवा हाल वार्ड नंबर 2 सुबखार डिंडौरी के पास से कुल 46 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब की गई है, जिसकी कुल कीमत 15500 बताई गई है। इसी तरह अजय यादव पिता विदेश्वर यादव उम्र 38 वर्ष निवासी बिहार हाल सुबखार वार्ड क्रमांक



2 डिंडौरी के पास से 48 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत लगभग 24 हजार रुपये बताई गई है। बताया गया कि गाड़ासरई शराब दुकान से दोनों युवक शराब लाकर कमीशन पर डिंडौरी में बेचते हैं। कार्रवाई में एसआई राहुल तिवारी, एसआई केएन सिंह, ए एसआई अतुल हरदहा सहित अन्य शामिल रहे।

### युवक के साथ तीन ने की मारपीट


## गंभीर हालत में जिला अस्पताल में जारी है इलाज



**डिंडौरी।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम कुकर्रामठ निवासी 28 वर्षीय युवक को गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर बुरी तरह पीट दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने युवक की पत्नी की रिपोर्ट पर तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राम प्रसाद पिता बेनीराम धुरईया गांव में सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे घर से अकेला बाजार की तरफ गया था। शाम लगभग तीन बजे उसकी पत्नी को कुछ लोगों ने फोन कर बताया कि रामप्रसाद लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया है कि युवक के चेहरे आंख में अधिक चोट है। बेहोश होने के चलते पुलिस भी उसके बयान दर्ज नहीं कर सकी है, जिससे मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## कोरोना मरीज के अस्पताल पहुंचते ही सक्रिय हुआ स्वास्थ्य अमला

- आईसीयू वार्ड में भर्ती कर शुरू किया गया इलाज
- कलेक्टर की मौजूदगी में जिला अस्पताल में की गई मॉक ड्रिल




**डिंडौरी।** कोरोना मरीजों के मिलने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। भोपाल से मिले निर्देशों के अनुसार जिले में भी सभी सातों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीएमओ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इन सबके बीच मंगलवार को सुबह कलेक्टर विकास मिश्रा की मौजूदगी में जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल की गई। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे के आसपास जैसे ही कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज अस्पताल लाया गया, वैसे ही स्वास्थ्य अमला सक्रिय नजर आया। मरीज को व्हीलचेयर पर लेकर आईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। पीपीई किट पहने डॉ मनोज उरैती सहित नर्सो ने तत्काल इलाज देने का अभ्यास किया। इस दौरान कलेक्टर ने अग्निशमन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना मरीज के वार्ड में आने के बाद पहले दस मिनिट काफी कीमती होते है, इसलिए सतर्कता बरतते हुए तत्काल इलाज किया शुरू किया जाए। सिविल सर्जन डॉ अजय राज ने बताया कि कोरोना मरीज के वार्ड में पहुंचने पर सबसे पहले क्या इलाज किया जाना गई इसका दो स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। इसके बाद कलेक्टर ने जिला अस्पताल में स्थापित दोनो ऑक्सीजन प्लांट ऑक्सीजन का भी जायजा लिया और ऑक्सीजन उत्पादन के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला अस्पताल स्थित सीटी स्कैन मशीन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मॉक ड्रिल के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीएमएचओ डॉ रमेश मरावी, डीपीएम विक्रम सिंह, आयुष डॉ समीक्षा सिंह, डॉ मिनी मोर्बी, विक्रमपुर बीएमओ डॉ दीपेंद्र धुर्वे, डॉ कमलेश राज, राजकुमार साहू सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।



## डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति ग्वालियर बैठक संपन्न जयंती ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी भंडारा भी किया जाएगा - संदीप सोलंकी

**गवालियर।** भारत के संविधान के निर्माता भारत रत्न दलित आदिवासी ओबीसी सहित सर्वहारा वर्ग के उद्धारक भगवान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म उत्सव 14 अप्रैल 2023 को ग्वालियर में ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा जयंती को मनाने के लिए आज 9 अप्रैल 2023 को इंडियन कॉफी हाउस मैं डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति ग्वालियर की आयोजित की गई उक्त जानकारी आज प्रेस को जारी विज्ञप्ति में डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समिति ग्वालियर के सदस्य एवं अध्यक्ष छात्र संघ के जिला अध्यक्ष संदीप सोलंकी ने दी है बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति ग्वालियर एवं अजाक विकास संघ तथा तमाम सामाजिक अधिकारी कर्मचारी संगठनों के संस्थापक संरक्षक अध्यक्ष अंबेडकरवादी सामाजिक नेता डॉक्टर जवर सिंह अग्र



ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का समाज हित में 20 परसेंट खर्च करना चाहिए तभी सच्चे अंबेडकरवादी होंगे अन्यथा जय भीम बोलने से अंबेडकरवादी नहीं होते हैं अंबेडकर के विचारों पर चलना पड़ता है अंबेडकर साहब द्वारा किए गए पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है किस समिति द्वारा ग्वालियर के तीर्थ स्थान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क फूलबाग में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है साथ ही समिति द्वारा अपील की गई है कि जो भी साथी भंडारे में शामिल हो सकते हैं ऐसे सामाजिक संगठन अधिकारी कर्मचारी संगठन 11 अप्रैल 2023 दोपहर 12ः00 बजे तक समिति के सदस्यों से संपर्क कर शामिल हो सकते हैं डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति की बैठक में दारा सिंह कटारे डीएन नार्वे रामप्रसाद बसेड़िया लक्ष्मीनारायण जाटव जसराम बरेलिया लक्ष्मण सिंह एनडी मोर्या गुलाब घारोन सोनू दादोरिया विनोद पटेल प्रेम नारायण आदिवासी गजेंद्र बगुलिया विनोद कांत राजेंद्र पछवार संदीप सोलंकी कदम सिंह आदि बैठक में उपस्थित रहे और सभी ने अपने विचार व्यक्त किए बैठक की कार्रवाई का संचालन राजेंद्र पछवार जी ने किया तथा आभार व्यक्त एनडी मौर्य ने व्यक्त किया।

## आरपीएफ द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



**शहडोल।** रेल सुरक्षा बल पोस्ट शहडोल द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल बिलासपुर के निर्देशन में रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सिंहपुर से झलवारा तक रेलवे ट्रैक के आसपास बसे गांव में जाकर लोगों को समझाइश देते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्राम वासियों को जागरूक किया जा रहा है कि मवेशियों को रेलवे लाइन पर ना आने दे, इससे रेलवे संपत्ति को भी नुकसान होता है तथा मवेशियों के ट्रेन से कट जाने के कारण मवेशी पालकों को भी आर्थिक क्षति होती है, इसी के साथ-साथ पत्थरबाजी की घटनाओं से कई यात्रियों को गंभीर चोट का शिकार होना पड़ता है, इस संबंध में भी मनीष कुमार निरीक्षक रेल सुरक्षा बल पोस्ट शहडोल तथा चौकी उमरिया के अधिकारियों द्वारा रेलवे ट्रैक के आसपास स्थित विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को समझाइश दी जा रही है तथा रेलवे ट्रैक के समीप स्थित गांव में ग्राम सरपंच से संगोष्ठी करते हुए कोटवार द्वारा मुनादी भी करवाई जा रही है। यह जागरुकता अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।



## संविधान के शिल्पी कार डॉक्टर अंबेडकर का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा - सोनू दादोरिया

**ग्वालियर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस ग्वालियर में ऐतिहासिक रूप से 14 अप्रैल को मनाया जा रहा है समूचे शहर से चल समारोह निकलकर बाबा साहब की प्रतिमा पर आ रहे हैं जहां पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है डॉक्टर अंबेडकर पार्क फूलबाग में उसे स्थल को मेला के रूप में सजाए जा रहा है पूरे समूचे शहर के अंबेडकरवादी अपने भगवान हक्का अधिकार दिलाने वाले भारत के संविधान रचयिता डॉक्टर अंबेडकर साहब के चरणो में श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और शपथ लेंगे कि हम बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे आज प्रेस को जारी विज्ञप्ति में डॉ आंबेडकर समारोह समन्वय समिति के सदस्य एवं नगर पालिक निगम कर्मचारी श्रमिक संघ ग्वालियर के जिलाध्यक्ष सोनू दादोरिया एवं डॉक्टर अंबेडकर जयंती समारोह समन्वय समिति के सदस्य और अजाक विकास संघ के जिला अध्यक्ष गुलाब घारोन ने आज प्रेस को जारी संयुक्त विज्ञप्ति ग्वालियर जिले के समस्त अंबेडकर वादियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में चल समारोह में भाग ले एक वृहद चल समारोह बाड़े से बाल्मिक समाज ग्रेटर ग्वालियर द्वारा निकाला जा रहा है उक्त दोनों नेताओं ने समारोह मैं अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है इसके अलावा अपील करने वालों में डॉक्टर जवर सिंह अग्र नरेंद्र चौधरी एडवोकेट जयंतीलाल जाटव इंजीनियर आशीष नरवरिया सोलंकी डी एन नार्वे जसराम बरेलिया गजेंद् करोसिया राजकुमार बागडे विनोद पटेल भोला गोहर प्रमोद करोसिया अरुण सोनवाल रवि पारछे प्रमोद चौधरी आदि शामिल है।

# हम सभी का लक्ष्य शहडोल संभाग को दुर्घटनारहित बनाना- कमिश्नर

- शहडोल संभाग की सभी शालाओं में प्रार्थना के समय छात्र-छात्राओं को बतायें ट्रैफिक नियम- कमिश्नर
- शहडोल संभाग की सभी सड़कों में संकेतक बोर्ड लगाने कमिश्नर ने दिया अल्टीमेट
- यातायात बेहतर बनाने के लिये शहडोल एवं बुढार में शहर के बाहर बसाया जाएगा ट्रांसपोर्ट नगर

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा की अध्यक्षता में आज कमिश्नर कार्यालय के सभागार में संभाग स्तरीय त्रैमासिक यातायात नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस उप महानिदेशक श्री डीसी सागर, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, कलेक्टर उमरिया श्री डॉ. कृष्णमोहन त्रिपाठी, कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ट पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक, उमरिया पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद सिन्हा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कमिश्नर शहडोल संभाग द्वारा शहडोल संभाग में यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश देते हुऐ कहा गया कि शहडोल संभाग में यातायात नियमों की जानकारी जनमानस तक पहुंचे इसके लिये जागरूकता अभियान को और अधिक बेहतर बनाया जाए। शहडोल संभाग की सभी शासकीय शालाओं में प्रार्थना के समय में स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी होनी चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने जिलेवार यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में दुर्घटनाओं को रोकने के लिये चिन्हित ब्लैक स्पॉटों में संकेतक बोर्ड शीघ्र लगाए जाऐ। साथ ही शहडोल संभाग के सभी प्रमुख मार्गो में हेल्पलाइन संकेतक बोर्ड लगाए जाए तथा गति सीमा निर्धारक बोर्ड भी लगाए जाए। कमिश्नर ने



निर्देश दिये कि शहडोल नगर की यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये इलेक्ट्रीक सिग्नल को पुनः प्रारंभ किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शहडोल एवं बुढार में पृथक ट्रांसपोर्ट नगर के लिये कितनी भूमि की आवश्यकता होगी इसका आंकलन करें तथा पृथक ट्रांसपोर्ट नगर के लिये भूमि आवंटित करने की कार्यवाही करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिये कि शहडोल संभाग के नगरों में टैक्फिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये पार्किंग स्थल बनाए इसके लिये पार्किंग स्थल चिन्हित करें और पार्किंग स्थलों में ही वाहनों को खड़ा कराना सुनिश्चित करें। बैठक में यातायात प्रभारियों द्वारा बताया गया कि शहडोल संभाग में प्रमुख सड़कों के किनारे संचालित किये गये ढाबों में वाहनों के लिये पार्किंग व्यवस्था नही होने के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही है जिस पर कमिश्नर ने संभाग के सभी कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये कि सड़कों के किनारे संचालित ढाबों का डायवर्सन है या नही देखे और ढाबों संचालकों से वाहनों को खडे करने के लिये पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

बैठक में कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिये कि सड़कों में घूमने वाले अवारा पशुओं से दुर्घटना घटित न हो इसके लिये पशुओं के सिंगों में रिप्लेक्टर लगाने के निर्देश कमिश्नर ने दिये। कमिश्नर ने कहा कि शहडोल के सड़कों में घूमने वाले पशुओं की सुरक्षा के लिये गौ सेवकों का भी सहयोग लिया जाए।बैठक में एडीजी श्री डीसी सागर ने सुझाव दिया कि स्कूली बच्चों और उनके परिजनों को भी यातायात नियमों की जानकारी दी जाए। यातायात नियमों का निरंतर उल्लंघन करने वालों व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जो पुलिसकर्मी यातायात नियमों का उल्लंघन करते है हेल्मेट नही लगाते है उन पर भी कार्यवाही करें। बैठक में यातायात संबंधी अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मनीषा पाण्डेय भी उपस्थित थें।

## बस्तर की महिलाओं को देंगे विधानसभा में प्रतिनिधित्व का अवसर -जनसभा

**छत्तीसगढ़ / जगदलपुर।** पौराणिक कथाओं और किवदंतियों के अनुसार बस्तर की पावन धरा दैवीय शक्तियों से परिपूर्ण है। माना जाता हैकि सतयुग में माता सती के अंग विच्छेद के बाद उनका दांत हिस्सा दंतेवाड़ा में शंकनी डंकनी नदी के किनारे पहाड़ों पर गिरा जिससे वहां शक्तिपीठ स्थापित हुई। लेकिन दुर्भाग्य की बात है की भारत को आज़ाद हुए आज 75 वर्ष बीत गए और यहां राजनैतिक हवाओं का रुख बदलने की ताकत रखने वाली बड़ी राष्ट्रीय दलों द्वारा महिलाओं को विधानसभा में जाने का अवसर नही दिया गया। जनसभा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण पाण्डेय ने भाजपा और कांग्रेस दोनो दलों के स्थानीय नेताओं सहित शीर्ष नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जगत जननी मां दंतेश्वरी के धरा पर महिलाओं का ऐसा अपमान उन्हे नही करना चाहिए था। उन्होंने कहा की महिलाओं को कमज़ोर समझने की भूल भाजपा और कांग्रेस के लोगों ने किया है और यही वज़ह होगी जिस कारण उन्होंने आजादी के 75 वर्षों बाद भी किसी महिला को विधानसभा का सदस्य बनाने के लिए अपनी का पार्टी का टिकिट नही दिया।



जनसभा

**आगामी विधानसभा चुनाव में जनसभा के सभी प्रत्याशी महिलाएं होंगी:** मीडिया से बात करते हुए जनसभा के अध्यक्ष अरुण पाण्डेय ने बताया की बस्तर के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी, लाखो युवा और छात्र छात्राएं संगठन के सदस्य हैं। छत्तीसगढ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती से संगठन से जुड़े साथियों के साथ वे मैदान में उतरेंगे।

### भजन संध्या मे कोतमा के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

## 4 लाख की लागत से बने सांस्कृतिक स्टेज का माननीय विधायक गुलाब कमरो जी के हाथों से कराया गया लोकार्पण







**बद्री प्रसाद बारी**

मनेंद्रगढ़। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर गौटियापारा चनवारीडाँड़ में दो दिवसीय आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर पहले दिन पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया वही दूसरे दिन महाआरती और भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 4 लाख की लागत से बने सांस्कृतिक शेड का लोकार्पण क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो द्वारा किया गया। भजन संध्या में कोतमा से आये कलाकार बृजकिशोर गुप्ता एवं उनके साथियो द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों और झांकी की प्रस्तुति दी गई जिसने लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष डाक्टर विनय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष राजेश साहू, जटाशंकर धाम के बाबा शिवदास जी, संतोष गुप्ता, मधुसूदन पोद्दार, मनोज कक्कड़, संजय सिंह, मनीष गोयल, नरोत्तम शर्मा, गौतम शर्मा, मीनू अग्रवाल, घनश्याम दास बारी, मुन्ना गुप्ता, की उपस्थिथि रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा जिनके नाम-- सतीश गुप्ता, दिनेश यादव, बद्री प्रसाद बारी, भूपेंद्र भंडारकर, रमेश प्रसाद, विनोद कौशिक, दीपांशु शर्मा, अमन गोप, शिव कुमार, तरुण पनरिया, विकास मनहरे, दीपक गोप, सोमेश दुबे, सुमित गुप्ता, हरिओम गुप्ता, का योगदान रहा।

## खनिज विभाग कार्यवाही कर लगी वाहवाही लूटने,किन्तु ना जाने इससे पहले जिम्मेदार अधिकारी क्यूँ रहे आंखे मूंदे हुये!





**अमित कुमार बैस**

**कोतमा।** खनिज विभाग अनूपपुर द्वारा ग्राम हर्री में विगत दिवस खनिज मुरुम के अवैध उत्खनन की जांच की गई। जांच कार्यवाही के दौरान मौके पर एक जेसीबी मशीन तथा तीन मेटाडोर वाहन को जप्त कर कलेक्टेट अनूपपुर में खड़ा कराया गया है तथा संबंधितों के विरुद्ध खनिज नियम के मुताबिक कार्यवाही की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा ने बताया है कि अवैध खनिज उखनन के विरुद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। प्राकृतिक खनिज सम्पदा से भरा पड़ा अनूपपुर जिला शायद ना जाने कितने तरह के अवैध खदानो का हो रहा होगा संचालन किन्तु कौन करे समीक्षा कर कार्यवाही क्योंकि जिम्मेदार कार्यालय तक सीमित किन्तु ज्ञातव्य हो कि जिला अनूपपुर कोई छोटा क्षेत्र नहीं अपितु काफी बड़े पैमाने वाला क्षेत्र है जो प्राकृतिक खनिज सम्पदा से चारो ओर भरा पड़ा हुआ है? इस जिले में प्राकृतिक खनिज सम्पदा में रेत,बोल्डर,कोयला,मुरूम एवं कई जगहों पर अलग अलग तरह के मिट्टी भी हैं जो इस जिले से बाहर अच्छे कीमतो पर भी बेचा जाना सूत्रों द्वारा पता चलता है? अगर इस विभाग से कभी संबंधित विषय में जानकारी भी चाही गई तब इस विभाग द्वारा केवल बरगलाने जैसी ही जानकारी दी जाती है इस विभाग के अनुसार पूरे जिले में संचालित गिट्टी क्रेशरो की संख्या दिये गये आरटीआई के जानकारी अनुसार 2835 बताई गई है और इसके अनुसार अगर आंकड़ा लगाया जाय तब मध्यप्नदेश शासन को इस मात्र अनूपपुर जिले के सिर्फ गिट्टी क्रेशरो से ही बड़े पैमाने पर अच्छा खासा एक बड़ा राजस्व पहुंचता दिखाई देता है? तब बाकी अन्य प्नाकृतिक खनिज सम्पदा से शासन को पहुंचने वाले राजस्व का अनुमान क्या हो सकता है यह अनूपपुर खनिज अधिकारी ही सही से बता पायेंगे कि इस प्रकार से पूरे अनूपपुर जिले में कितने पंजीकृत मिट्टी व मुरूम खदान,रेत खदान,कोयला खदान,बोल्डर खदान संचालित हैं और इनसे शासन को कितना राजस्व पहुंच रहा? यह मध्यप्नदेश शासन को गंभीर होकर जानने एवं सही समीक्षा व आकलन किये जाने की आवश्यकता है कि अनूपपुर जिले में कितने शहर,नगर व ग्रामो में इस तरह के पंजीकृत खदानो का संचालन हो रहा? अनदेश के मुखिया का ध्यान खनिज विभाग की ओर क्यूँ नहीं विभाग के बताये जा रहे आंकड़ो पर विश्वास कैसे एक तौर पर विषय सोचनीय है कि जब इस जिले में एक अवैध मुरुम खदान का संचालन ना जाने कितने दिनो से अनूपपुर खनिज विभाग के बिना मर्जी नाक के नीचे खनिज माफिया द्वारा चलाया जा रहा था तब और भी ना जाने कितने इस तरह के मिट्टी व मुरूम खदान,बोल्डर खदान,गिट्टी क्रेशर,बोल्डर खदान,कोयला खदान अवैध तरीके से चल रहा होगा, जिससे अनूपपुर खनिज अधिकारी अनजान हों या सब कुछ जान बूझकर भी यहां पदस्थ महिला अधिकारी होने की वजह से सेटिंग कर मोटा माल कमाया जा रहा हो? क्योंकि खनिज विभाग अधिकारी अनूपपुर के पास आयेदिन कई गाड़ियों का तांता भी लगा रहना साफ तौर पर देखा जा सकता है? और देखने व आकलन किये जाने का विषय यह भी है कि अगर कहीं ऐसे अवैध खदानो का संचालन हो रहा तब पता नहीं शायद कहीं मिलीभगत से इस विभाग के जिम्मेदार शासन को नुकसान पहुंचाते हुये कितना लाभ प्नति माह कमा मालामाल होते होंगे? जिस पर प्नदेश के मुखिया को भी ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि ऐसे अवैध तरीके से चल रहे तमाम खदानो का संचालन बंद हो और इस तरह से शासन को होने वाले राजस्व के नुकसान से बचाया जा सके जो शासन तक पहुँच ही ना रहा हो? तो क्या प्नदेश के मुखिया कभी इस ओर भी अपना ध्यानाकर्षण करेंगे?

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 09 अप्रैल को लगभग 24 लाख रू के विकास कार्यो का करेंगे भूमिपूजन तथा लोकार्पण



**रायसेन।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी 09 अप्रैल को सांची विधानसभा क्षेत्र में लगभग 24 लाख रू के विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री 09 अप्रैल को प्रातः 10 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे ग्राम वनखेड़ी पहुचेंगे तथा लघु वनोपज संघ के माध्यम से 6.41 लाख रू लागत से बनने वाले 750 मीटर ग्रेवल रोड का भूमिपूजन करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी दोपहर 12 बजे ग्राम वनखेड़ी से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे नरवर बांस प्लांटेशन पहुचेंगे तथा नरवर बांस प्लांटेशन एवं बांस प्लांटेशन आरएफ 395 से ग्राम मोतियाखेड़ा की ओर 9.87 लाख रू की लागत से बनने वाले 1160 मीटर लम्बे ग्रेवल रोड का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 01.15 बजे नरवर बांस प्लांटेशन से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे ग्राम गढ़ी गेस्ट हाउस पहुचेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी दोपहर 02.30 बजे ग्राम गढ़ी गेस्ट हाउस से प्रस्थान कर अपरान्ह 03 बजे टेकापार गैरतगंज पहुचेंगे तथा लघु वनोपज संघ के माध्यम से टेकापार में 7.55 लाख रू की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री अपरान्ह 04 बजे से शाम 05 बजे तक गैरतगंज गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा शाम 05 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# माननीय राज्यपाल द्वारा कलेक्टर उमरिया सम्मानित

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



शहडोल। सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2020 में कलेक्टर उमरिया द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक धनराशि एकत्रित करने में सराहनीय योगदान के लिए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल द्वारा कलेक्टर उमरिया डॉक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा द्वारा आज कलेक्टर उमरिया को कमिश्नर कार्यालय शहडोल में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडीजी श्री डीसी सागर, पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक उमरिया श्री प्रमोद सिंहा उपस्थित रहे।

# पचोर पुलिस टीम को मिली सफलता 03 स्थाई वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा स्थाई वारण्टियों एवं फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अभियान के दौरान श्री बीरेंद्र कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक राजगढ के कुशल निर्देशन एवं श्री मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सुश्री जोईस दास एसडीओपी सारंगपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पचोर निरीक्षक डी.पी. लोहिया के नेतृत्व में थाना पचोर पुलिस उपनिरीक्षक गोविंद सिंह मीणा द्वारा दिनांक 12.04.23 को विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर थाने के 03 स्थाई वारंटी विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किये। माननीय जेएमएफसी न्यायालय सारंगपुर के प्रकरण क्र. 1032/18 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के स्थाई वारण्टी 1.तरुण गुर्जर निवासी बिलापुरा (मोहनपुरा), 2. प्रेम सिंह गुर्जर नि बिलापुरा (मोहनपुरा) ,3. रमेश गुर्जर निवासी बिलापुरा हाल मिठ्ठनपुर को समक्ष पंचान विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय सारंगपुर पेश किया गया। उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पचोर निरीक्षक डी.पी. लोहिया, उपनिरीक्षक गोविंद सिंह मीणा, आर 301 अक्षय रघुवंशी, आर 494 अर्जुन राजपूत, आर 715 राजकिशोर गुर्जर , आरक्षक 603 मोहन सिंह , आरक्षक 844 सोनू अहिरवार, आरक्षक 801 देवेंद्र माथुर, आरक्षक 834 जगदीश मीणा , सैनिक 09 भगवत सिंह का विशेष योगदान रहा।




### रायसेनः पानी की समस्या के निराकरण के लिए तहसील देवरी

# ग्राम पंचायत चीखली के सभी जन समूह का विशाल धरना प्रदर्शन किया







**उदयपुरा/चीकली।** आप सभी महानुभावों को अवगत है कि ग्राम चीकली, तहसील देवरी, जिला रायसेन मध्य प्रदेश में विगत कई दिनों से पीने के पानी की विकराल समस्या से चीकली ग्रामवासी जूझ रहे हैं। पेय जल संसाधन उपलब्ध नहीं है। उक्त समस्या से हम ग्राम वासियों द्वारा कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मौखिक, लिखित, सोशल मिडिया और ई मेल के माध्यम से पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया जा चुका है। बाबजूद इसके आज दिनाँक तक पेय जल की समस्या का कोई भी निराकरण नहीं हो पाया है। ग्राम वासियों में इस समस्या को लेकर पानी की प्यास के कारण क्रोध भरा हुआ है। समस्त ग्रामवासी चीकली एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर दिनांक 11 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को नगर देवरी तहसील प्रांगण में विशाल जनसमूह के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे।

# अवैध रूप से शराब बनाई जा रही थी उन स्थानों को जेसीबी की सहायता से किया जमींदोज

- **अवैध तरीके से शराब बनाने वालो के विरुद्ध खिलचीपुर अनुविभागीय अधिकारी, थाना खिलचीपुर, जीरापुर, रक्षित केंद्र के बल के द्वारा की संयुक्त कार्यवाही**
- **कार्यवाही कर ड्रमो में रखा 15,000 लीटर अवैध महुआ लहान कीमती 15 लाख रुपए का नष्ट कर कुल 280 लीटर कच्ची शराब कीमती 56,000/- रूपए की जप्त की गई**

**मुकेश अहिरवार**

राजगढ़। जिले मे अवैध शराब का कारोबार करने वाले के विरुद्ध शिकंजा कसने हेतु श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) जिला पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व मे एवं श्री मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में श्री आनंद राय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खिलचीपुर, थाना प्रभारी माचलपुर जितेंद्र अजनारे, थाना प्रभारी जीरापुर मुकेश गौड, थाना खिलचीपुर एवं रक्षित केंद्र राजगढ़ के बल की मदद के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 12/04/2023 को ग्राम कालिकावे में अवैध रूप से शराब बनाने वाले कंजर डेरे में दबिश दी जाकर ड्रमो में भरा 15,000 लीटर महुआ लहान कीमती 15,00,000/- रुपए का नष्ट कर 280 लीटर कच्ची शराब कीमती 56,000/- रुपए जप्त की गई तथा जिन डेरों में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही थी उन्हे जेसीबी की सहायता से तोड़ा गया। अवैध शराब बनाने आरोपी 1. राजेश कंजर निवासी ग्राम कालिकाबे 2. राधेश्याम कंजर निवासी ग्राम कालिकावे के खिलाफ प्रथक- प्रथक थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 115/2023, 116/2023 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया है। आरोपीगणो की गिरफ्तारी शीघ्र की जावेगी।



### बाजार स्थित कृषि उपज मण्डी के गोदाम में लगी आग।

# कई घण्टों के मशक्कत के बाद आग पर गया काबू-

**बिजुरी।** नगर में वार्ड क्रमांक-09 बाजार स्थित स्थित कृषि उपज मण्डी के गोदाम में शुक्रवार की दोपहर भीषण आग लग जाने से गोदाम में रखी कपास जलकर खाक हो गया। गोदाम से उठती धुओं को देखकर आस-पास उपस्थित लोगों द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल आग को बुझाने का प्रयास किया गया। साथ ही अन्य और उपस्थित लोगों द्वारा नगरपालिका परिषद बिजुरी को आगजनी कि जानकारी दी गयी। जिसके बाद नगरपालिका कर्मचारी, वार्ड पार्षद एवं दमकलकर्मी अग्निशमन वाहन के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का पुरजोर प्रयास किए।

**घण्टों कि मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू-** नगरपालिका कि अग्निशमन वाहन का प्रेशर ठीक ढंग से कार्य नही कर पाने के कारण, नगरपालिका बिजुरी के सहायक राजस्व अधिकारी लखन लाल पनिका द्वारा कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुऐ, तत्काल दूसरी अग्निशमन कि वाहन लाने का आदेश दिया गया। जिसके बाद आगजनी पर काबू पाने के लिए दूसरा वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा। तब तक कपास में लगी आग काफी हद तक बढ़ चुकी थी। जिस पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को घण्टों मशक्त करनी पड़ी।



**आग लगने कि वास्तविक वजह अभी तक है अज्ञात-** कृषि उपज मण्डी के गोदाम में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अब तक किसी के द्वारा स्पष्ट तौर पर नही दी जा रही है। कोई शॉर्ट-सर्किट को मुख्य वजह मान रहा है। तो वहीं आग बुझाने में काफी मशक्कत करने वाले वार्ड 10 के पार्षद जय कुमार कि मानें तो सम्भवतः गोदाम में हुयी आगजनी कि घटना गोदाम के पीछे झाड़ियों में लगी आग के कारण हो सकता है। वजह जो भी हो किन्तु सही वक्त पर आग कि घटना को रोककर अग्नीशमन वाहकों ने एक बड़ी अप्राशित घटना पर विराम लगाया है।

# अवैध रेत उत्खनन करते दो पोकलेन, एक डंपर एवं एक पिकअप सहित 75 लाख का मशरूका किया जप्त

**मुकेश अहिरवार**

**राजगढ़।** शासन की मंशानुसार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा संपूर्ण प्रदेश को माफिया मुक्त बनाने का अभियान लगातार जारी है विशेष निर्देशों के फल स्वरुप पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले की पुलिस टीम को माफियाओं पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए हैं जिसके चलते जिले मे अवैध उत्खनन का कारोबार करने वालों के विरुद्ध श्री हर्ष दीक्षित (आईएएस) जिला दंडाधिकारी, श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) जिला पुलिस अधीक्षक, के कुशल नेतृत्व में श्री मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमती नेहा गौर एसडीओपी ब्यावरा के मार्गदर्शन में अवैध रेत के उत्खनन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गईं। दिनांक 11.04.23 को थाना करनवास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समेली में दूधी नदी पर कुछ लोगों द्वारा पोकलेन मशीन चला कर अवैध उत्खनन कर रेत चोरी कर करने की सूचना पर प्रथमश- सूचना की तस्दीक की गई और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तत्काल, श्रीमती नेहा गौर एसडीओपी ब्यावरा, श्री शंभूसिंह मीणा खुजनेर तहसीलदार, श्री मुकेश सिकरवार खनिज निरीक्षक, श्री राजपाल सिंह राठौर थाना प्रभारी सिटी ब्यावरा, श्री रामकुमार रघुवंशी देहात ब्यावरा थाना प्रभारी एवं श्री अजय यादव थाना प्रभारी करनवास की संयुक्त टीम ने ग्राम समेली में दूधी नदी पर जाकर दबिश दी गई इस दौरान मौके पर अवैध उत्खनन करते हुए दो पोकलेन मशीन कोबेल्को कंपनी व हुंडई कंपनी का एक डंपर, एक पिकअप सहित कुल मश्रुका 75,00,000 रुपये, अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा पोकलेन चालक मौके से फरार हो गए डंपर चालक व पिकअप चालक को मौके पर मय वाहन के पकड़ा नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम रोड जी सोंधिया व दूसरे ने अपना नाम जगदीश यादव होना बताया आरोपी गणों का कृत्य धारा 379 भादवी 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से दोनों पोकलेन मशीन, एक डंपर एवं एक पिकअप को मौके पर जप्त कर थाना करनवास में अपराध क्रमांक 76/23 धारा 379 भादवी 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। निश्चित रूप से जिला दंडाधिकारी एवं जिला पुलिस कप्तान के कुशल मार्गदर्शन में की गई उक्त कार्यवाही से खनिजों का अवैध उत्खनन करने वालों पर अंकुश लगाने में सफलता प्राप्त होगी एवं ऐसे लोगों में शासन एवं प्रशासन के प्रति भय व्याप्त होगा, शासन के निर्देशानुसार इस तरह की कार्वाई लगातार जारी रहेगी। मौके की कार्वाई में श्रीमती नेहा गौर एसडीओपी ब्यावरा, शंभूसिंह मीणा खुजनेर तहसीलदार, मुकेश सिकरवार खनिज निरीक्षक, अजय यादव थाना प्रभारी करनवास, राजपाल सिंह राठौर थाना प्रभारी सिटी ब्यावरा, रामकुमार रघुवंशी थाना प्रभारी देहात ब्यावरा व उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

- **म.प्र. शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के पालन में जिले मे लगातार माफियाओं के विरुद्ध की जा रही है सख्त कार्यवाही**



# बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर, जी की जयंती 14 अप्रैल 2023 को मानने के संबंध में हुई चर्चा

**आज सुबह 9 बजे से 12 बजे तक , बुद्ध विहार , रेलवे कॉलोनी, शहडोल में बैठक हुई....**





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

जिसमे.... गोंडवाना, मूलनिवासी, भीम आर्मी, बुद्धिस्ट सोसायटी, अजाक्स, एवम समस्त संघटन के लोग उपस्थित थे..... जिसमे लिया गया प्रमुख निर्णय...

1- सुबह 9 बजे 14 अप्रैल , बौद्ध विहार से ध्वनि विस्तारक यंत्रों ( डीजे) नारे , एवम गानों के साथ रैली निकलेगी , जिसमे बच्चे महिलाएं आगे रहेंगे ....

2- बुढार चौराहे में सभी के लिए पानी की व्यस्था होगी.. और यही पर जिले भर के संगठन एक होकर , पैदल , बाइक सवार, एक साथ चलेंगे

3- राजेंद्र टाकीज चौराहे तक सभी साथ चलकर , बाबा साहेब डा अंबेडकर जी प्रतिमा में माल्यार्पण होगा...

4 - बाइक सवार युवा , भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा में जा कर माल्यार्पण कर के आयेंगे..!!!

5 - पैदल रैली , बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद , मंच कार्यक्रम

मानस भवन , में जायेंगे जहा प्रमुख उदबोधन , एवम समस्त संघटन की एकता पर चर्चा होगी...

और कार्यक्रम समाप्त हो जायेगा....

मंच कार्यक्रम की जगह में बदलाव हो सकता है... तथा स्वल्पहार की व्यवस्था भी हो सकती है...??

अंतिम जानकारी सोमवार शाम 7 बजे 10 अप्रैल, दिया जाएगा ....

सभी लोग सादर आमंत्रित है...

... महिलाओं और बच्चों को अवश्य लेकर आइए...

बाबा साहेब डा अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाइए ....

जय भीम,जय जोहार ...

**अनिल अहिरवार**
**भीम आर्मी जिलाध्यक्ष**
**शहडोल ( म प्र)**

# गरीब प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए चयन परीक्षा का आयोजित



**राकेश कुमार बंसल**

मनेन्द्रगढ़। शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के आर्थिक सामाजिक एवं भौगोलिक रूप से पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को निशुल्क सी जी पी एस सी की तयारी हेतु नेतृत्व साधना केंद्र फाउंडेशन रायपुर के लीड 36 कार्यक्रम के अंतर्गत कोचिंग उपलब्ध करने की लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया द्ध चयन प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन गूगल फॉर्म के द्वारा उनका व्यापक रूप से पंजीयन के लिए वर्त्तमान एवं पूर्व विद्यार्थियों के व्हाट्सप्प ग्रुप एवं वेबसाइट एवं सूचना पटल के माध्यम से प्रचार एवं प्रसार किया गया द्ध परिणाम स्वरुप 94 परीक्षार्थी रविवार दिनांक 9 अप्रैल को सम्मिलित हुए जिसमें नेतृत्व साधना केंद्र फाउंडेशन रायपुर की सुश्री वर्षा बर्मन के द्वारा प्रश्नपत्र उपलब्ध कराये गए द्ध परीक्षा में वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष प्राचार्य डॉ सरोजबाला श्यांग बिश्नोई, केंद्राध्यक्ष आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ अरुणिमा दत्ता एवं सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ नसीमा बेगम अंसारी तथा वीक्षक के रूप में मनीष श्रीवास्तव, पुष्पराज सिंह एवं श्रीमती नफीसा बानो उपस्थित रहे द्ध परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु लड्डूगोपाल रजक, प्रदीप मालिक तथा सतीश सोनी ने सहभागिता की कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ बिश्नोई ने नेतृत्व साधना केंद्र फाउंडेशन रायपुर के संचालक चंद्रेश कुमार के प्रति अपना आभार प्रकट किया

**युवा कांग्रेसियों ने कवि प्रीतम ऋतु के खिलाफ दर्ज कराया मामला**

# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी एवं आपत्तिजनक बातें करने का आरोप

**राकेश कुमार बंसल**

रायपुर। सिविल लाइन थाना में रायपुर ग्रामीण विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तीरथ राम साहू अपने युवा साथियों के साथ




पहुंचकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई है यह रिपोर्ट कवि प्रीतम ऋतु के खिलाफ है रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रीतम ऋतु द्वारा यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को लेकर अभद्र टिप्पणी एवं आपत्तिजनक बातें कहीं गई है जो अशोभनीय है।तीरथ साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वह फेसबुक एवं यूट्यूब से निरंतर जुड़े हुए हैं एवं उनके द्वारा एक वीडियो देखा गया जिसमें कवि प्रीतम ऋतु द्वारा अपने यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक के अकाउंट में एक वीडियो अपलोड किया गया है जिसमें पूर्व सांसद राहुल गांधी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुत्र बताया गया है एवं सोनिया गांधी पर अभद्र टिप्पणियां व आपत्तिजनक बातें कही गई है जो कि अशोभनीय है उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अशोभनीय बातें करने वाले कवि प्रीतम ऋतु की तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए एवं उस पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि कवि प्रीतम ऋतु द्वारा वीडियो में कई प्रकार की अभद्र बातें कहीं गई है जो कहीं ना कहीं प्रत्येक भारतीय एवं राष्टीय धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है इस प्रकार के व्यक्ति के ऊपर तुरंत कार्रवाई करते हुए इसे जेल भेजना चाहिए प्रीतम रिऋद्वारा जिस प्रकार के शब्दों का उपयोग किया गया है वह काफी अशोभनीय है एक शहीद के परिवार के लिए इस प्रकार के शब्दों का उपयोग करना उचित प्रतीत नहीं होता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष माधव साहू जी जोन अध्यक्ष घनश्याम छत्री राजा बंजारे सतबीर सिंह सुरेश धीवर तीरथ यादव अशरफ हुसैन आस मोहम्मद तीरथ साहू अरविंद सिंह पवन सिंह अमित सरकार नंदलाल जागेश्वर राजपूत राजेश साहू वाटसन संस्कार पांडे टीके महानंद जितेंद्र आजाद तोमेश गायकवाड विकास बंदे पप्पू बंदे छत्रपाल सुनील लहरे रामेश्वर साहू लोकेश साहू सजमन बाघ पुरुषोत्तम साहू गजेंद्र साहू,आकाश कुर्रे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे

# एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला सालेगढ़ पोस्ट ईंटखेड़ी तहसील सुल्तानपुर

**रायसेन।** एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला सालेगढ़ पोस्ट ईंटखेड़ी तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र.से श्रीमान नीरज सक्सेना जी को पिछले वर्ष 5 सितंबर 2022 को भारत की नवनिर्वाचित राष्टपति सम्माननीय महोदय श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी के द्वारा उन्हें बतौर शिक्षक राष्टपति



पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं उनके क्रियाकलाप एवं कार्य विधि और लगन शीलता को देखते हुए उन पर एक बायोमेट्रिक शार्ट मूवी भी बनाई गई ।यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है की रायसेन जिले से एक शिक्षक ने



राष्टपति पुरस्कार की उपाधि प्राप्त की। शिक्षा जगत में सक्रिय रहकर शिक्षण पद्धति को व्यापक बनाने में आपका प्रयास प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है आपने शैक्षणिक समस्याओं के त्वरित ना करण और नवाचार के माध्यम से छात्रों के हृदय में जो ज्ञान रूपी ज्योति प्रकाश फैलाया है वह प्रकाश स्तंभन का समस्त शिक्षा जगत को प्रदीप्त मान कर रहा है । दूरस्थ और दुर्गम जनजातीय क्षेत्र में शिक्षा में नवाचार पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आप अभिनव कार्य कर रहे हैं आपके द्वारा किए जा रहे अतुलनीय सेवा कार्यों प्रशंसा करता हूं एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आशा है आप आगे भी शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े रहेंगे और शिक्षा के नित नए आयाम स्थापित करेंगे। जिला रायसेन मध्य प्रदेश कलेक्टर श्रीमान अरविंद दुबे जी द्वारा कलेक्ट्रेट ऑफिस में सम्माननीय शिक्षक श्रीमान नीरज सक्सेना जी को सम्मानित पत्र प्रदाय किया गया, जिसमें वनरक्षक समिति द्वारा भी उन्हें सम्मानित पत्र प्रदान किया गया।

# निकाय कर्मचारियो के लिये शासकीय भविष्य निधि योजना हो रहा दिखावा साबित जिम्मेदार मूक क्यूँ!

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

कोतमा। नगरीय निकायो में कार्यरत कर्मचारियों के आगे जिस बेहतर भविष्य को मद्देनजर रख मस्टर व दैनिक कर्मचारियों के लिये ईपीएफ कटौती का प्नावधान शासन द्वारा आदेशित कर कराया गया ताकि जरूरत पड़ने पर सभी निकायो में कार्यरत कर्मचारी जन कटौती किये ईपीएफ यानि अपने भविष्य निधि का विशेष कार्य एवं आगे जब स्वत- शारीरिक रुप से कोई कार्य कर पाने में असहाय हो जाय, उस वक्त कटौती हुये जमा भविष्य निधि के सहारे अपना जीवन सही ढंग से जी सके? देखा जाय तो शासन की यह योजना नगरीय निकायो में कार्यरत इस तरह के कर्मचारियों किन्तु प्नतीत होता है जैसे शासन के इस तरह के विचारधारा से अनूपपुर जिले के किसी भी निकाय में बैठे जिम्मेदार प्नशासनिक अधिकारी को ऐसे महत्त्वपूर्ण शासकीय योजना जिससे निकाय में कार्यरत कर्मचारी जन लाभान्वित होने पाये इस दिशा में जिले के किसी भी निकायो में ना ही कोई प्नशासनिक अधिकारी और ना ही कोई नगरीय निकाय में गरिमामयी पदो पर चुनाव जीत बने अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं पार्षदो द्वारा इस गंभीर मुद्दों को लेकर ध्यान दिया जाता है?

**आस लगाये बैठे निकाय कर्मचारी अपने ईपीएफ राशि की कटौती के लिये आखिर कब ध्यान देंगे विभागीय अधिकारी:** जबकि वहीं मस्टर एवं दैनिक कर्मचारियों की माने तो निकायो द्वारा कई कर्मचारियों के ईपीएफ खाते तक भविष्य निधि की राशि कटौती कर पहुँचती ही नहीं और तो और कई निकायो में कर्मचारियों की भर्ती किये हुये कुछ वर्ष भी बीत गये परन्तु बेचारे कर्मचारियों के भविष्य निधि के खातों तक कटौती कर ईपीएफ राशि को जमा करने की शुरुआत तक नहीं की गई है? साथ ही कई कर्मचारियों के ईपीएफ खाते से दूसरे व्यक्ति के नम्बर को भी लिंक कर रखा गया है? जिससे कुछ कर्मचारियों को ईपीएफ राशि निकालते वक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है बावजूद इसके जिम्मेदारो को परवाह नहीं? आखिर ऐसा भोले भाले कर्मचारियों के साथ क्यों! वहीं शासन के नियमावली अनुसार देखा जाय तो चाहे वह




ठेकेदार हो या प्नशासनिक विभाग या फिर कोई कंपनी जो भी अपने यहाँ मजदूर रखता है उसे उस मजदूर का ब्यौरा ईपीएफ विभाग को देते हुये ईपीएफ राशि की वेतन से कटौती कर भेजी जाती है? लेकिन जिला अनूपपुर के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायो में कर्मचारियों की भर्ती तो है लेकिन वही निकायो में कार्यरत कई कर्मचारी जन अब भी अपने ईपीएफ कटौती के आस में हैं, परन्तु बावजूद इसके जिम्मेदार निकायो के अधिकारी जनो की नजर इस ओर बिल्कुल भी दिखाई देते समझ नहीं आता?

**जिम्मेदार विभागीय अधिकारी रहते निकाय कर्मचारी वर्ग शासन की योजना से वंछित:** ना जाने क्यों अधिकारी सब जानबूझकर भी कर्मचारियों के भविष्य निधि की ओर अपना ध्यान क्यूँ नहीं देते? और अगर गौरतलब किया जाय तो इस तरह का होते रहना निकाय अधिकारियों द्वारा कार्यरत कर्मचारियों का खुला शोषण किया जाना जैसा भी लगता है? साथ ही ऐसा होना शासन के नियमो की अवहेलना किया जाना जैसा है? जिम्मेदार विभागीय अधिकारी जनो को चाहिए कि निकाय में कार्यरत ऐसे कर्मचारी वर्ग जिन्हें शासन की ऐसे विशेष योजना से वंछित रखा जा रहा, उसकी समीक्षा करें और उन्हें लाभान्वित करने शासन की इस विशेष योजना से जोड़ते हुए जिले के सभी निकायो के मस्टर एवं दैनिक कर्मचारी जनो की इस अहम मुद्दे का निपटान कराना जाना चाहिए ताकि ऐसे कर्मचारी वर्ग में भी शासन के प्नति विश्वास बन पाये? किन्तु क्या शासन द्वारा अनूपपुर जिले के सभी निकायो में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते की जांच किये जाने की पहल करने की कोशिश होगी या कर्मचारियों को मौजूदा सरकार शोषित होने देते रहेगी?



# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने पं. नेहरू की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**लक्ष्मण पिल्लई**

जगदलपुर। भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी ने जगदलपुर में लालबाग मैदान के निकट स्थित नेहरु स्मृति मंच स्थल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा ने ऐतिहासिक पंडित नेहरू स्मृति मंच का अवलोकन किया। इस मंच का निर्माण उस स्थल पर किया गया है जहां से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया था। 13 मार्च 1955 को आयोजित इस सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर पंडित नेहरू यहां आए थे। यहां लगाए गए पांच शिलालेखों में नेहरू जी के जीवन से संबंधित जानकारी का भी अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।





# आज बस्तर आएंगी प्रियंका गांधी, मातृ शक्ति के नाम होगा कांग्रेस का सम्मेलन



**लक्ष्मण पिल्लई**

बस्तर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे पर हैं . अपनी यात्रा के दौरान गांधी एक जनसभा और एक भव्य महिला संगोष्ठी को संबोधित करेंगी। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी के तीन महासचिवों को प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है और वह बस्तर की महिलाओं में खुद के लिए खड़े होने की ताकत पैदा करेंगी। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई भी नुक्कड़ और चौपाल बैठकों के माध्यम से राज्य के दूरदराज के गांवों तक पहुंचने की योजना बना रही है, जिसमें पार्टी लोगों को ÷मोदी सरकार की विफलताओं के बारे में बताएगी। कांग्रेस के एक कार्यकर्ता ने कहा कि पार्टी ने गांवों के कोने-कोने तक पहुंचने का फैसला किया है और लोगों को उनकी विफलताओं के बारे में बताने और उनकी तानाशाही को उजागर करने का फैसला किया है।

# भाजपा सामाजिक भेदभाव जैसी बातों का समर्थन नहीं करती – रुप सिंह मण्डावी

## भाजपा राष्ट्र व देशवासियों की सेवा के लिये संकल्पित



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने कहा है कि भाजपा राष्ट के विकास व देशवासियों की सेवा के लिये समर्पित पार्टी है। भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास,सबका प्रयास है और भाजपा इन्हीं अटल सिद्धांतों पर चलने वाली राजनीतिक पार्टी है। रुप सिंह मण्डावी ने कहा कि देश में सभी समाज, वर्ग के विकास व सेवा के लिये भाजपा सदैव संकल्पित एवं कार्यरत है। दो दिन पूर्व सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद द्वारा धरना व बंद का आह्वान किया गया था, जिसको भाजपा ने भी अपना समर्थन दिया था। जिसमें धरने के पश्चात आकस्मिक रूप से हुये शपथ के घटनाक्रम से पूर्णतः अनभिज्ञ थे एवं यह पूरा कार्यक्रम संबंधित संगठन का था। सामाजिक भेदभाव जैसी बातों का भाजपा समर्थन नहीं करती है।

# अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम ने स्व सहायता समूह की महिलाओं से की चर्चा

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवाप्रदेश)**

शहडोल। अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा ने आज जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में एनआरएलएम द्वारा गठित समूह के सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम अंतर्गत शहडोल जिले के विराट नंदनी सीएलएफ अंतर्गत गठित समूह के सदस्यों से बातचीत की समूह के सदस्यों ने अपने अपने द्वारा किए गए कार्य कार्यों को श्रीमती अमिता चपरा के सामने प्रस्तुत किया जमुई की राजकुमारी केवट ने समूह में जुड़ने से पहले से लेकर आज तक के सफर को उपस्थित महिलाओं एवं मंचासीन अतिथियों के सामने रखा राजकुमारी ने बताया कि वह अब आत्मनिर्भर एवं सशक्त नारी है आज वह अपना पालन पोषण स्वयं के व्यवसाय से करते हुए स्वयं एवं दोस्ती महिलाओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक कर रही है इसी प्रकार लालपुर ग्राम की मीना ने अपने आत्मनिर्भरता की कहानी बताई। चर्चा के दौरान अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा ने महिलाओं को लाडली बहना योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



# जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग सदस्य सुधा शर्मा एड.ने कार्यभार संभाला

**वीरेंद्र कुमार गुप्ता**

अनूपपुर। काफी लंबे समय से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग,जिला अनूपपुर में सदस्य का पद कई वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ था। जिस पर मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा नियुक्तियों के लिए इंटरव्यू लिया गया।जिसमें अनूपपुर आरक्षित महिला के पद पर चयन समिति द्वारा सुधा शर्मा एडवोकेट की नियुक्ति की गई।जिन्होंने विधिवत दिनांक 13/04/2023 को अपना कार्यभार संभाल लिया।जिनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा। एडवोकेट सुधा शर्मा के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के सदस्य पद पर नियुक्ति का जिला अधिवक्ता संघ अनूपपुर ने स्वागत किया है।



# पोस्टर फाड़ने के विरोध में कंगला मांझियों ने एनएच 30 बेडमा चौक में किया चक्का जाम,आवागमन हुआ अवरुद्ध ।

**लक्ष्मण पिल्लई।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 बेडमा चौक में आज 13 अप्रैल को कंगला मांझियों ने रोड में चक्का जाम कर दिया। दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। फरसगांव और केशकाल थाना पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए हैं। वही केशकाल एसडीएम वी तहसीलदार भी पहुंच चुके हैं, फिल्हाल अधिकारियों द्वारा कंगला मझियों को चर्चा की जा रही है , बताया जा रहा है कि कंगला मंझियों का प्रदेश स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है,जिसके चलते उन लोगो ने बेड़मा चौक में बेनर पोस्टर लगा गया था , जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फाड़ दिया गया,जिससे नाराज होकर कंगला मांझियों ने रोड में जाम कर दिया है,मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने रोड जाम करने वाले लोगों को समझाते हुए जाम को खुलवाया गया,साथी उनसे चर्चा की जा रही हैं।



# अपहृता नाबालिग लडकी को दस्तयाब कर आरोपी को किया गिरफतार

**मुकेश अहिरवार**


राजगढ़। महिला सम्बंधी अपराधों में आरोपियों की शीघ्र गिरफतारी के लिए जिला पुलिस टीम को लगातार सफलता मिल रही है ।अपहृत नाबालिग लडकी को दस्तयाब कर अपहरण व दुस्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफतार किया । दिनांक 31.03.2023 को फरियादी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज दिनांक 31.03.23 को सुबह में 07ः00 बजे उसकी नाबालिग लडकी बिना बताए घर से चली गई है मुझे शंका है कि मेरी लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 87/2023 धारा 363 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । नाबालिग लडकी के अपहरण के मामले की गम्भीरता को संज्ञान में लेते हुए श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ द्वारा नाबालिग लडकी को दस्तयाब करने के लिए व अज्ञात आरोपी को पकडने हेतु पुलिस टीम तैयार करने को निर्देशित किया। श्री मनकामना प्रसाद (रा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्री उपेन्द्र सिंह भाटी (रापुसे) अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहगढ़ द्वारा थाना प्रभारी बोड़ा के नेत्रत्व में पुलिस टीम गठित मय विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर नाबालिग अपहृता लडकी की तलाश व अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु गुजरात रवाना किया गया । नाबालिग लडकी ग्राम शेरपुर थाना सारंगपुर की रहने वाली है जो विगत 2-3माह से बोड़ा में माता पिता के साथ रहती थी। जिसकी दोस्ती बोड़ा के देवकरण अहिरवार हों गई जो पूर्व में गुजरात मजदूरी करने गया था। इसी को आधार मानकर पुलिस टीम गुजरात रवाना की गई । जो मोरवीगुजरात में नाबालिग अपहृता आरोपी देवकरण के साथ मिली। जो नाबालिक अपहृता को दस्तयाब किया गया तथा आरोपी देवकरण अहिरवार को हिरासत में लेकर थाने आए।दौराने विवेचना के अपहृता द्वारा बताया गया कि शादी का लालच देकर आरोपी उसे गुजरात ले गया था और उसके साथ बुरा काम (दुष्कर्म) किया जो प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि ङ पाक्सो एक्ट? का इजाफा किया गया ।

मेडीकल उपरान्त आरोपी देवकरण उम्र 26साल निवासी बोड़ा को माननीय न्यायालय नरसिंहगढ़ पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड प्राप्त किया गया । थाना बोड़ा पुलिस टीम द्वारा कडी मेहनत कर नाबालिग अपहृता को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफतार किया इसमें थाना बोड़ा प्रभारी संदीप सिंह मीणा, उनि मनोहर सिंह ठाकुर, महिला प्रआर 386 माया निगम, आर.777 पीयूष गुप्ता,आर 685 धर्मवीर, आर. शशांक यादव सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# देहात थाना ब्यावरा पुलिस टीम की कार्यवाही : पुलिस द्वारा 1 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 15,000/– रुपये को जप्त कर 03 आरोपियो को पकडने मे की सफलता प्राप्त

**ब्यावरा।** जिले मे अवैध मादक पदार्थ के परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाने हेतु श्री बीरेंद्र कुमार सिंह नवागत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था जिसके चलते श्री मनकामना प्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्री नेहा गौर एसडीओ(पी) ब्यावरा के मार्गदर्शन में थाना देहात ब्यावरा पुलिस टीम को अवैध मादक पदार्थ गांजा 1 किलो 500ग्राम कीमती 15,000/- रुपये को जप्त कर 02 आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 11.04.2023 को स उ नि रामदीन कीर थाना देहात ब्यवारा को मुखविर सूचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति जिनका हुलिया नीली जींस की शर्ट व काले रंग का पेन्ट व हलके पीले रंग की शर्ट व स्लेटी रंग का पेन्ट पहने दो व्यक्ति खडे है जिनके पास अवेध मादक पदार्थ गांजा है । जिसकी तस्दीक के लिए थाना देहात ब्यावरा की पुलिस टीम गठित कर



## न्यूज ब्रीफ

### क्राइम ब्रांच ने दो सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

भोपाल। भोपाल क्राइम ब्रांच टीम ने दो सट्टेबाजों को मैच में पैसा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि दो लड़के इकबाल मैदान के पास ऑनलाइन सट्टा खेल रहे हैं। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों अवगत कराकर टीम रवाना हुई। मौके से पहुंची टीम को मिली सूचना के अनुसार दो लड़के दिखाई पड़े। जिन्हें घेराबंदी करके गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, 3100 नगदी और सट्टे खेलने की ऑनलाइन आईडी मिली है।

### वीडियोग्राफर ने फांसी लगाई, दोस्त के पहुंचने पर घटना का पता चला

भोपाल। भोपाल के टीलाजमालपुरा इलाके में वीडियोग्राफर ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक इंदिरा नगर इलाके में किराए का कमरा लेकर अकेले ही रहता था। शनिवार को शाम 7:30 बजे युवक का दोस्त आया। दरवाजा खटखटाने जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से अंदर देखा तो युवक फांसी के फंदे से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रधान आरक्षक अशोक सिंह ने बताया संकट मोचन नगर, वार्ड नंबर- 9, राजगढ़ का रहने वाला यश मेवाडा (25) पुत्र दयाराम मेवाडा शादियों में वीडियोग्राफी का काम करता था। भोपाल में 5-6 साल से इंदिरा नगर कॉलोनी, शिव मंदिर के पीछे राजेश साहू के मकान में किराए पर रहता था। शनिवार शाम 7:30 बजे के करीब दोस्त घर आया तो दरवाजा नहीं खुला। उसने मकान मालिक को बुलाया। सभी ने दरवाजा जोर से पीटा लेकिन कोई आहट नहीं हुई। खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो यश फांसी के फंदे से लटका हुआ था।

### 110 पाव अवैध शराब की गई जब्त

डिंडौरी। जिले के मेहंदवानी थाना पुलिस द्वारा एक युवक के पास से अवैध शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में शराब माफिया के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम चाटा में दबिश दी गई। गांव के रज्जू सिंह पिता रावन सिंह धुर्वे के कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन, 48 पाव एमडी रम, 7 बोटल बियर और 12 पाव गोवा शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कुल कीमती 13156 रुपये बताई गई है। आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी द्वारा बताया गया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई में एसआई जितेन्द्र बैरागी, प्रधान आर कमलेश भवेदी, आरक्षक कमलेश मरावी, आकाश अहिरवार शामिल रहे।

## बीजेपी महिला पार्षद का वीडियो वायरल, हाथ में डिस्पोजल के साथ पीले-पीले ओ मेरे राजा गाने पर किया डांस

**भोपाल।** भोपाल के वार्ड क्रमांक दो से बीजेपी पार्षद कुसुम चतुर्वेदी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में पीले-पीले ओ मेरे राजा गाने पर पार्षद अन्य महिलाओं के साथ डांस करती दिखाई दे रही हैं। विवाद की जड़ यह है कि वीडियो मंदिर परिसर का बताया जा रहा है। उधर, वायरल वीडियो को सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने मंदिर में अश्लीलता फैलाने के साथ धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप पार्षद पर लगाया। दरअसल, यह वीडियो संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का बताया जा रहा है। इस क्षेत्र में पूजा श्री क्षेत्र में एक बर्थ डे पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बीजेपी पार्षद कुसुम चतुर्वेदी को भी आमंत्रित किया गया। हाथ में डिस्पोजल लिए डांस करती पार्षद के साथ महिलाएं दिखाई दे रही हैं। कुल 02 मिनट 31 सेकंड के इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों ने निशाना साधा। मामले पर दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान पार्षद कुसुम ने बताया कि वीडियो 10-12 दिन पुराना है। यहां बर्थ-डे पार्टी का आयोजन किया गया वो मंदिर से दूर एक योगा सेंटर है। मुझे और बीजेपी को बदनाम करने के लिए कांग्रेस का यह प्रपंच है। कोल्ड ड्रिंक के साथ पार्टी करना भी कांग्रेस को पसंद नहीं आ रहा है।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग होंगे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

भोपाल

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। रविवार को प्रयागराज में 2 दिवसीय अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से मंत्री श्री सारंग को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। मंत्री श्री सारंग को सभी समाज बंधुओं द्वारा शॉल-श्रीफल, अंगवस्त्र एवं पुष्पहार पहना कर सम्मानित किया।

मंत्री श्री सारंग ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के लिये सभी का आभार माना। उन्होंने कहा कि हमें समाज के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वर्तमान को सहेजना होगा। कायस्थ समाज अपनी विद्वता से मानव समाज का मस्तिष्क माना जाता है। हमें संस्था को पाँच (स) संगठन, संपर्क, समन्वय, सद्भाव और सेवा से मजबूत बनाना होगा।



### लघु उद्योग भारती एवं एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित

## बड़े उद्योगों की अपेक्षा छोटे व मझोले उद्योग रोजगार देने में अधिक सक्षम - केन्द्रीय मंत्री तोमर

भोपाल

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि छोटे एवं मझोले उद्योग बड़े-बड़े उद्योगों से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराते हैं। इसीलिए सरकार छोटे और मझोले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर विदेश में बसे भारतीय उद्यमी व तकनीकी विशेषज्ञ अपने देश में लौटने के लिये आतुर रहते हैं। तोमर ग्वालियर में लघु उद्योग भारती के स्टार्टअप कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने में लघु उद्योग भारती संस्था अहम भूमिका निभा रही है। स्टार्टअप कॉन्क्लेव में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम और विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा विशेष रूप से मौजूद थे।

रविवार को यहाँ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के सभागार में आयोजित हुए स्टार्टअप कॉन्क्लेव में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद जी, राष्ट्रीय सचिव समीर मूंदड़ा, महामंत्री घनश्याम ओझा, प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता व सु उमा शर्मा सहित राष्ट्रीय स्तर के अन्य पदाधिकारीगण एवं लघु उद्योग भारती के मध्य भारत इकाई के प्रांतीय सचिव सोबरन सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। स्टार्टअप कॉन्क्लेव में ग्वालियर व चंबल संभाग के सभी जिलों से आए उद्यमियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने अपने-अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई।



केन्द्रीय मंत्री तोमर ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव में मौजूद उद्यमियों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि पिछले साढ़े आठ साल की अवधि में भारत सरकार द्वारा साढ़े 6 हजार से ज्यादा स्टार्टअप स्थापित कराए गए हैं, जिसमें 2 हजार से अधिक कृषि आधारित स्टार्टअप शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान की बदौलत संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को मिलेट्स (मोटे अनाज) वर्ष घोषित किया है। मुद्रा योजना के तहत सरकार द्वारा छोटे-छोटे उद्यमों के लिये अब तक 19 लाख करोड़ की आर्थिक मदद वितरित की जा चुकी है। तोमर ने कहा कि कृषि मंत्रालय द्वारा मिलेट्स आधारित स्टार्टअप को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके अलावा सरकार के सभी विभागों में स्टार्टअप के लिये विशेष प्रावधान रखा गया है।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री तोमर ने यह भी कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कॉन्क्लेव में मौजूद नव उद्यमियों का आह्वान किया कि वर्तमान में उद्योगों के लिये स्वर्णिम कालखंड है। आप सब सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उद्यम को आगे बढ़ाएँ।

## दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का आंदोलन

**भोपाल।** 10 सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को भोपाल के तुलसी उद्यान में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने धरना दिया। इसके अलावा कर्मचारियों ने विरोध रैली भी निकाली। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले हुए आंदोलन में ओल्ड स्कीम बहाली, केंद्र के समान 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर, सीधी भर्ती और आउटसोर्स भर्ती पर रोक समेत अन्य मांगों को लेकर चर्चा भी की गई। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यदि सरकार ने मांग पूरी नहीं की तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए कर्मचारी वर्ग तैयार है। संगठन के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे बताया कि लंबे समय से दैनिक वेतनभोगी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी वर्ग अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। अब तक सरकार ने इन मांगों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। चुनावी साल में सरकार नई प्लानिंग और नई योजनाओं को लागू कर रही है। उधर, सरकारी कर्मचारियों की मांग को लेकर सरकार का उदासीन रवैया प्रदेश के बड़े वर्ग को आक्रोशित कर रहा है। उन्होंने बताया इसके बाद कर्मचारी चुनाव में सरकार को जवाब देगा।

### ऊर्जा मंत्री तोमर गुना में रात में लाड़ली बहना योजना के पंजीयन केन्द्र भदौरा पहुँचे

## 30 अप्रैल तक लगाये जाएंगे लाड़ली बहना योजना के शिविर

भोपाल

ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिला के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रात में गुना जिले की ग्राम पंचायत भदौरा पहुँचे। उन्होंने यहाँ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पंजीयन केन्द्र और ई-केवाईसी कार्य का जायजा लिया। ऊर्जा मंत्री ने पंजीयन कराने आईं महिलाओं और पंजीयन कर रहे स्टाफ को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पंजीयन और ई-केवाईसी कराने आईं महिलाओं के बीच बैठ कर अनौपचारिक माहौल में सहृदयता के साथ बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री श्री तोमर ने ग्राम पंचायत भदौरा निवासी श्रीमती दाका बाई, श्रीमती रामरती बाई सहित अन्य महिलाओं को बताया कि परिवार की हर पात्र महिला को प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर माह एक हजार रूपए देगी। साथ ही जिन बुजुर्ग महिलाओं को अभी 600 रूपए पेंशन मिल रही है उन्हें सरकार अब एक हजार रूपए प्रतिमाह पेंशन देगी। प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने गुना जिले में लाड़ली बहना योजना में पंजीयन के काम पर संतुष्टि जाहिर की। साथ ही कहा कि हमें भरोसा है कि अंतिम तिथि से 10 दिन पहले अर्थात 20 अप्रैल तक जिले की अधिकांश पात्र महिलाओं का पंजीयन हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना है। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भदौरा ग्राम पंचायत में राशन संबंधी और अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़, अन्य जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



## प्रभारी मंत्री तोमर ने ग्राम भदौरा में प्रातः 6 बजे किया भ्रमण

भोपाल

ऊर्जा मंत्री और गुना जिला प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्राम भदौरा में रात्रि विश्राम के बाद सुबह 6 बजे गाँव का भ्रमण किया। वह सीधे छुट्टिया बाई के मकान पर गए। छुट्टिया बाई आँखों से अंधी है। उन्होंने उसके बेटा श्री पप्पू से बात की और समस्या के बारे में जाना। पप्पू ने बताया कि उनके पास आवास नहीं है और राशन भी नहीं मिलता है। मंत्री श्री तोमर ने पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री तोमर ने गाँव में जल जीवन मिशन और नल जल योजना संबंधी 20 परिवारों के घर जाकर योजना की जानकारी ली और समय-सीमा में नल जल योजना को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद शासकीय माध्यमिक विद्यालय भदौरा का निरीक्षण किया और मध्यान्ह भोजन योजना में निर्मित किचिन का अवलोकन किया। उन्होंने गाँव की डीपी ठीक कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गाँव में नालियों की साफ-सफाई कराने और मलेरिया की दवा का छिड़काव कराने तथा पात्रता अनुसार घरों में शौचालय बनवाने के निर्देश भी दिए।



### RCB बैटर्स ने लगाईं 3 फिफ्टी

# LSG ने 19 ओवर में 213 रन चेज किए, पूरन-स्टोइनिस ने बेंगलुरु के हाथ से जीत छीनी

बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 15वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को 213 रन का टारगेट दिया है। जवाब में लखनऊ सुपरजायंट्स ने 19.5 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बना लिए हैं। जयदेव उनादकट और रवि बिश्नोई क्रीज पर हैं।

मार्क वुड को हर्षल पटेल ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले, आयुष बडोनी 30 रन बनाकर आउट हुए। वे वेन पार्नेल की बॉल पर हिटविकेट हुए। यह वेन पार्नेल का तीसरा विकेट है। उन्होंने क्रुणाल पंड्या (0 रन) और दीपक हुड्डा (9 रन) को आउट किया।

पार्नेल के अलावा सिराज ने भी तीन विकेट लिए। उन्होंने सीजन का सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले निकोलस पूरन (62 रन), कप्तान केएल राहुल (18 रन), काइल मेयर्स (0 रन) को बोल्ड किया। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस 65 रन बनाकर आउट हुए। निकोलस पूरन और आयुष बडोनी ने 35 बॉल पर 84 रनों की साझेदारी की। दोनों ने 20 गेंदों पर अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। पूरन ने 15 गेंद पर करियर का 5वां अर्धशतक पूरा किया। स्टोइनिस ने करियर की 5वीं फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 30 बॉल पर 65 रन की पारी खेली। स्टोइनिस ने 216.67 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने केएल राहुल के साथ 40 बॉल पर 76 रन की पार्नटरशिप की। 213 का टारगेट चेज करने उतरी लखनऊ की टीम को बेंगलुरु के तेज गेंदबाजों ने शुरुआती झटके दिए। पहले मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में काइल मेयर्स को बोल्ड किया। फिर वेन पार्नेल ने हुड्डा और क्रुणाल पंड्या को चलता कर दिया। टीम ने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पावरप्ले में टीम के बल्लेबाज 3 विकेट पर 37 रन ही जोड़ सके।






### गुकेश वर्ल्ड शतरंज आर्मेगेडोन एशिया एवं ओसियाना के चैंपियन बने

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने फाइनल में पूर्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन उज्बेकिस्तान के नादिरबेक अब्दुसतारोव को हराकर वर्ल्ड शतरंज आर्मेगेडोन एशिया एवं ओसियाना इवेंट का खिताब जीत लिया। इस जीत के बाद गुकेश और अब्दुसतारोव दोनों को सितंबर में होने वाले आर्मेगेडोन ग्रैंड फिनाले में जगह मिली। सोलह साल के गुकेश ने रविवार देर रात खेले गए उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में जीत दर्ज की। पहली बाजी में चूकने के बाद गुकेश को दूसरी बाजी में हार मिली। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त मौके का इस्तेमाल करते हुए अब्दुसतारोव के खिलाफ मुकाबले को दोबारा शुरू कराया। नए मुकाबले की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश अगली बाजी में अब्दुसतारोव को हरा कर चैंपियन बने। इस टूर्नामेंट में गुकेश और अब्दुसतारोव के अलावा पूर्व वर्ल्ड क्लासिकल चैंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक, डेनिल डुबोव, चीन के यांगयी यू, भारत के विदित गुजराती, कार्तिकियन मुरली और ईरान के परम माघसोदलो जैसे खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे।

# भारतीय क्रिकेट के घरेलू सीजन 2023-24 के शेड्यूल की घोषणा, दलीप ट्रॉफी 28 जून से




नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के 2023-24 घरेलू सत्र की शुरुआत दलीप ट्राफी टूर्नामेंट के साथ होगी जो 28 जून से शुरू होगा। जबकि प्रमुख रणजी ट्राफी का आयोजन अगले साल पांच जनवरी से होगा। दलीप ट्रॉफी छह जोनल टीमों के बीच खेली जाएगी। उसके बाद देवधर ट्रॉफी (लिस्ट ए) 24 जुलाई से 3 अगस्त, ईरानी कप 1 से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेली जाएगी।

### 70 दिन तक खेले जाएंगे रणजी ट्रॉफी के मुकाबले

रणजी ट्रॉफी पुरुषों के सीनियर वर्ग में सीजन का आखिरी टूर्नामेंट होगा। यह टूर्नामेंट 70 दिन तक चलेगा। इसके एलीट ग्रुप के लीग चरण के मैच 5 जनवरी से 19 फरवरी के बीच खेले जाएंगे जबकि नॉक-आउट राउंड 23 फरवरी से 14 मार्च तक होगा। प्लेट ग्रुप के लीग मैच 5 जनवरी से 5 फरवरी के बीच जबकि नॉक-आउट राउंड 9 से 22 फरवरी तक खेला जाएगा।

हर बार की तरह इस बार भी एलीट वर्ग में चार ग्रुप होंगे। जिसमें हर ग्रुप में आठ-आठ टीमें होंगी जिसमें से हर ग्रुप की शीर्ष की दो-दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्लेट वर्ग में एक ही ग्रुप होगा और इसमें छह टीमें होगी और इसमें से टॉप चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्लेट ग्रुप के फाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमें आगामी सीजन (2024-25) में एलीट ग्रुप में शामिल होंगी। सीनियर महिला सीजन की शुरुआत राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप के साथ होगी। यह 19 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 24 नवंबर से 4 दिसंबर तक खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी 4 से 26 जनवरी के बीच आयोजित होगी।

# अर्थ बाजार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3650-3680, खोपरा गोला 125-145, खोपरा बूरा 1950-3800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 300-315, ऊंझा हल्का 325-330, मीडियम 345-360, बेस्ट 365-380, हल्दी निजामाबाद 100-120, सांगली 160-162, साबूदाना हल्का 6200-6250, मीडियम 6300-6400, बेस्ट 6500-6600, सच्चा मोती 6875, सौंफ मोटी 160-180, मीडियम 185-200, बेस्ट 220-250, सौंफ बारी?क 190-225, कालीमिर्च एटम 545-555, गरबल 527-533, मटर दाना 575-590, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-700, बेस्ट 725-750, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1950-2100, केसर 155-160, बेस्ट 168-170, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-182, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 405-415, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-750, सिंगापुरी 630-640, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1380-1400, मैदा कट्टा 1440-1460, रवा कट्टा 1480-1500, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1550-1600, (160) 1750-1800, (200) 2000-2050, (250) 2150-2200

**तेल :-** सींगदाना 1710-1730, मुम्बई 1700, राजकोट तेलिया 2700, सोया साल्वेंट 1035-1040, सोया रिफाइंड 1070-1075, कपास्या 1000, धूलिया 995, कड़ी 1000,

**तिलहन :-** सरसो 5900-6100, रायडा 4600-4900, सोयाबीन 4800-5550, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5300-5325, एवरेज 4950-4975

### प्लांट में iphone-15 बनाएगा ग्रुप

# विस्ट्रॉन के आईफोन प्लांट के टेकओवर के लिए तैयार टाटा, इस महीने के आखिरी तक अधिग्रहण पूरा करेगा

नई दिल्ली

टाटा ग्रुप अप्रैल महीने के आखिरी तक विस्ट्रॉन के बेंगलुरु बेस्ड आईफोन प्लांट का टेकओवर पूरा कर सकता है। बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा ग्रुप के टेकओवर के बाद भारत को एपल प्रोडक्ट्स के लिए अपनी पहली डोमेस्टिक यानी स्वदेशी प्रोडक्शन लाइन मिल जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा ग्रुप ने प्लांट में ऑर्गेनाइजेशन बदलाव भी करना शुरू कर दिया है। अधिग्रहण प्रोसेस के तहत फैक्ट्री के करीब 2,000 एम्प्लॉइज की छंटनी होने की संभावना है। इस प्लांट से करीब 400 मिड-लेवल एम्प्लॉइज की छंटनी भी हो सकती है। साथ ही लगभग चार से पांच सीनियर लेवल के ऑफिसर बाहर निकाले जाने की प्रोसेस में हैं या उन्हें जाने के लिए कह दिया गया है।




यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अधिग्रहण के बाद भारतीय ग्रुप प्लांट में आईफोन-15 बनाना शुरू कर सकता है। वर्तमान में विस्ट्रॉन का भारतीय प्लांट अपनी 8 प्रोडक्शन लाइनों में आईफोन-12 और आईफोन-14 की मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। टाटा के अधिग्रहण के बाद विस्ट्रॉन पूरी तरह से भारतीय मार्केट से बाहर हो जाएगा, क्योंकि यह भारत में एपल प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन करने वाला कंपनी का एकमात्र प्लांट है।

### एपल ने बेंगलुरु में लीज पर लिया कॉमर्शियल स्पेस

नई दिल्ली। टेक कंपनी एपल ने बेंगलुरु में 10 साल के लिए 1.16 लाख स्क्वायर फीट कॉमर्शियल स्पेस को लीज पर लिया है, जिसका किराया हर महीने 2.43 करोड़ रुपए है। साथ ही, कंपनी 16.56 लाख रुपए हर महीने पार्किंग के लिए किराया देगी। कंपनी इस स्पेस को भारत में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए यूज करेगी।

## एलन मस्क ने प्रधानमंत्री मोदी को फॉलो किया

नई दिल्ली

दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स और टेस्ला, ट्विटर व स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने सोमवार (10 अप्रैल) को प्रधानमंत्री मोदी को ट्विटर में फॉलो किया है। अभी मस्क पूरी दुनिया में केवल 194 लोगों को फॉलो करते हैं, जिसमें पीएम मोदी भी शामिल हैं।



प्रधानमंत्री मोदी ऐसे चौथे नेता बन गए हैं, जिन्हें मस्क फॉलो करते हैं। नेताओं में पीएम मोदी के अलावा वह यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को फॉलो करते हैं।

हाल ही में एलन मस्क ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और फेमस सिंगर जस्टिन बीबर को पीछे छोड़ दिया है। अभी एलन मस्क को टोटल 13.43 करोड़ लोग ट्विटर में फॉलो करते हैं। 2020 में बराक ओबामा इस लिस्ट में पहले नंबर पर थे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)